भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1456 का उत्तर

सामान्य रेल बोगियों का वंदे भारत में परिवर्तन

1456. श्री सुरेश कुमार शेटकर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम को बढ़ाने के लिए चालीस हजार सामान्य रेल बोगियों को वंदे भारत के मानकों में परिवर्तित किया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और जोन-बार अब तक कितनी प्रगति हुई है और इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत/व्यय की गई है; और

(ख) यदि हां, तो वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): यात्रियों की संरक्षा, सुविधा और आराम को बेहतर करने के लिए चल स्टॉक में सुधार/उन्नयन करना भारतीय रेल में निरंतर चलने वाली सतत प्रक्रिया है। भारतीय रेल में बेहतर बोगियां और कपलर, उन्नत शौचालय, सीटें और शायिकाएं, बेहतर साज-सज्जा, जन उद्घोषणा/सूचना प्रणाली आदि सुविधाएं प्रदान करके रेल सवारी डिब्बों को उन्नत करने/सुधारने पर विचार करती है।

*****